हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 2 अगस्त 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 बासौदा-सिरोंज मार्ग स्थित बेतवा नदी का पुल फिर ...



07 आज हम सांस ले रहे वे किसी व्यक्ति के द्वारा लगाए पौधे ...



## खबर संक्षेप

### आज दिल्ली रवाना होंगे विदिशा के अनेक व्यापारी

**विदिशा।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली आकाशवाणी भवन संसद मार्ग में 3 अगस्त को आयोजित होने वाले 44वें राष्ट्रीय व्यापारी दिवस में भाग लेने के लिए विदिशा से बड़ी संख्या में व्यापारी प्रदेशाध्यक्ष राजेश जैन के नेतृत्व में आज रात दिल्ली रवाना होंगे। पूरे देश से आए व्यापारियों का संगम दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता, सुनील सिंघी राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यापारी कल्याण बोर्ड की उपस्थिति में होने जा रहा है।

### 24 घंटे में नाबालिग को परिजनों को सौंपा

**विदिशा।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र से लापता हुई 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत मात्र 24 घंटे में खोज निकाला और परिजनों को सौंप दिया। मामला 30 जुलाई को दर्ज हुआ था। पुलिस ने विशेष टीम गठित की गई। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में गठित टीम ने तत्परता और संवेदनशीलता से कार्य कर यह सफलता हासिल की। निरीक्षक विमलेश राय सहित टीम के सदस्यों का योगदान रहा।

### 13 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**विदिशा।** कुरवाई पुलिस ने 13 वर्ष से फरार एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। 31 जुलाई को टीआई आरके मिश्रा के नेतृत्व में कुरवाई पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान उन्हें एक स्थायी वारंटी राजकुमार पिता खुशाल अहिरवार उम्र 40 वर्ष निवासी लायरा के संबंध में सूचना मिली। आरोपी 13 वर्षों से फरार था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय प्रथम श्रेणी बीना जिला सागर ने वारंट जारी किया था।

### 4 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त एसपी ने किया सम्मान

**विदिशा।** चार पुलिसकर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हे सम्मानित कर विदाई दी। पुलिस कंट्रोल रूम में कार्यक्रम आयोजित कर निरीक्षक मोहम्मद जमीर काजी, उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह रघुवंशी, सहायक उप निरीक्षक शिवरतन मांझी, सहायक उप निरीक्षक जंडेल सिंह बुंदेला को फूल माला पहनाकर विदाई दी गई। सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी परिवारजन सहित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान एसपी रोहित काशवानी, एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह ने सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल, सर्टिफिकेट और पुलिस मोमेंटो देकर सम्मानित किया किया।

### स्कार्फ लगाकर किया सम्मानित



**विदिशा।** 1 अगस्त 1907 को लार्ड बेडन पोवेल द्वारा ब्राउनसी नामक दीप पर पहला स्काउट कैंप आयोजित किया गया था। तभी से एक अगस्त को विश्व स्कार्फ दिवस मनाया जा रहा है। एक अगस्त को वरिष्ठ नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों को स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर स्काउट गाइड भवन में बिगीनर्स कोर्स का आयोजन किया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं संयुक्त कलेक्टर शशी मिश्रा को स्कार्फ एवं स्काउट पी कैप पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला सचिव हरिहर चतुर्वेदी, जिला संगठक अनीता पटले, जिला संगठक एपी शुक्ला, सह सचिव दीपक जैन एवं लल्लुसिंह भोई मौजूद रहे।

## समस्याओं और स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

# खराब सड़कों के विरोध में कांग्रेस ने विदिशा बंद कराया, केंद्रीय मंत्री से इस्तीफे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बारिश से बदहाल सड़कें, स्मार्ट मीटर के कारण आ रहे बढ़े हुए बिल और मूलभूत सुविधाओं की कमी के विरोध में विदिशा कांग्रेस ने शुक्रवार शहर बंद कराया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में सुबह 12 बजे तक रखे गए इस बंद में कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता माधवगंज चौराहे पर एकत्र हुए। उन्होंने नारेबाजी करते हुए सांसद एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का इस्तीफा मांगा।

कार्यकर्ताओं ने विदिशा विधायक को भी निशाने पर लिया। उन्होंने जनता से भाजपा के नेताओं के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता शहर में निकले। उन्होंने खुली दुकानों को निवेदन करके बंद कराया। हालांकि कुछ क्षेत्रों में दुकानें खुली रहीं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि नगरपालिका और जिला पंचायत में चुने गए जनप्रतिनिधि आपसी संघर्ष में उलझे हैं। पार्षद और अध्यक्ष आपस में टकरा रहे हैं। जिला पंचायत में अध्यक्ष को काम नहीं करने दिया जा रहा। इससे विकास कार्य ठप पड़े हैं। रघुवंशी ने यह भी बताया कि नगरपालिका भाजपा की है, जिला पंचायत और पांचों विधायक भी भाजपा के हैं। उसके बाद भी जनता परेशान है। इस बार की बारिश में विदिशा की हालत बुरी तरह बिगड़ गई। शहर के कई हिस्सों में जलभराव हो गया। यहां तक कि डंडापुरा स्थित चिंतामणि गणेश मंदिर के गर्भगृह तक में पानी घुस गया। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति इससे पहले कभी नहीं बनी थी। इस अवसर पर रणधीर सिंह ठाकुर, सुरेश बाबू पाठक, प्रदीप सिंह चंदेल, रमेश तिवारी, सुजीत देवलिया, गोविंद राजपूत, आशीष माहेश्वरी, जितेंद्र यादव, राजकुमार पासी, जवाहर कुशवाह, रवि साहू, अर्पित उपाध्याय, राम राज दांगी, जिनेश जैन, मलखान मीणा, अंकुर गुप्ता, असलम पटेल, श्याम रघुवंशी, कपिल गोस्वामी, बंटी सक्सेना, पर्वत गौड़, मुन्ना भाई, बृजेंद्र वर्मा, रजनीश व्यास, निर्मल जैन, धर्मेंद्र यादव, अनूप अग्रवाल, राहुल रघुवंशी आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।





विदिशा। दोपहर तक बंद को शहर के व्यापारियों का मिला समर्थन।



विदिशा। बंद को सफल बनाने सुबह से ही बाजार में घूमते दिखे कांग्रेसी।

### शिवराज सिंह केवल घोषणाओं और प्रचार से जनता को गुमराह कर रहे: मोहित रघुवंशी

कांग्रेस का दावा है कि बंद को व्यापार महासंघ का समर्थन प्राप्त था। लेकिन बंद का मिला-जुला असर देखने को मिला। जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान केवल घोषणाओं और प्रचार से जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के 24 वर्षों के शासन में विदिशा की जनता को गड्ढों से भरी सड़कें मिली हैं। टैक्स की मार और स्मार्ट मीटर के माध्यम से वसूली हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद और बीज की कमी है। शिक्षा व्यवस्था चरमराई हुई है और स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हैं। रघुवंशी ने कहा कि शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जों जैसे गंभीर मुद्दों पर भाजपा सरकार मौन है। उन्होंने भाजपा में गुटबाजी का भी आरोप लगाया। उनके अनुसार इसका सीधा असर जिले के विकास पर पड़ा है।

# ठगी: कुरवाई नवाब का बेटा गिरफ्तार, बेटी-दामाद फरार

## मुंबई कोर्ट में किया सरेंडर, न्यायालय ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

10 करोड़ रुपए की राशि के चेक बाउंस प्रकरण में कुरवाई के स्थाई वारंटी फिरोज मोहम्मद खान ने विदिशा पुलिस के बढ़ते दबाव में मुंबई कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

कुरवाई पुलिस ने आरोपी की तलाश में विदिशा, भोपाल सहित कई संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी। पुलिस की सख्त कार्रवाई और सतत दबाव के चलते आखिरकार आरोपी ने मुंबई स्थित न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।

आत्मसमर्पण के बाद न्यायालय ने आरोपी फिरोज मोहम्मद खान को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। कुरवाई थाना क्षेत्र निवासी फिरोज मोहम्मद खान के विरुद्ध मुंबई की प्रथम श्रेणी न्यायालय कोर्ट ने 10 करोड़ रुपए के चेक बाउंस प्रकरण में स्थायी वारंट जारी किया था। आरोपी लंबे समय से फरार था।

### बच्चों और दामाद ने महाराष्ट्र में रियल स्टेट का कारोबार शुरू किया था

नवाब के बच्चों और दामाद ने मिलकर महाराष्ट्र में रियल स्टेट का कारोबार शुरू किया। इनके झांसे में मुंबई सेंट्रल का एक सख्स आया। उसने 1995 अपनी मां के नाम से पंचगनी में 36 लाख रुपए में एक फ्लेट बुक किया। उसने 32 लाख रुपए और 4 साल रुपए के दो चैक दिए। 3 साल बाद पता चला की वह फ्लेट किसी और को बेच दिया गया है। फ्लेट खरीदने वाले सय्यद खालिद जब पैसे वापस मांगने इनके पहुंचे तो उसे कुरवाई बुलाकर छोटा शकील का साथी बताकर पुलिस से गिरफ्तार करा दिया। इसी मामले में अन्य कामिल मोइन, मोइन हैदर जीलानी और फिरोज खान भोपाल के नवाब जफर अली के खानदान से ताल्लुक रखते हैं। यह सभी इस मामले में तलाशे जा रहे हैं।

### छोटा शकील का गुर्गा बताकर कराया था गिरफ्तार

3 साल में सैय्यद खालिद के फ्लैट की कीमत 96 लाख हो चुकी थी। खालिद ने पैसे वापस मांगे तो कामिल मोइन ने 55 लाख का चेक दिया, जो बाउंस हो गया। नवंबर 2000 को कामिल ने खालिद को 36 लाख रुपए वापस देने की लिखापढ़ी कराने कुरवाई बुलाया और पुलिस को सूचना दे दी कि छोटा शकील का आदमी उनसे पैसों की वसूली करने आ रहा है। पुलिस ने खालिद को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने कामिल मोइन को पकड़ लिया है।

# देवखजूरी के पास पुलिया के नीचे मिला चौकीदार का शव

## शरीर पर चोट के निशान, परिजनों को हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

करारिया थाना क्षेत्र अंतर्गत देवखजूरी के पास शुक्रवार को एक पुलिया के नीचे 50 वर्षीय लाल सिंह अहिरवार का शव मिला। शव पुलिया के पास एक पेड़ में फंसा था।

शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले। लाल सिंह वेयरहाउस में चौकीदार का काम करता था। परिजनों के अनुसार वह 30 जुलाई से लापता था। लाल सिंह के बेटे ने बताया कि पारिवारिक जमीन विवाद के चलते दूसरे पक्ष ने पूर्व में जान से मारने की धमकी दी गई थी। उन्हें शक है कि उनके पिता की हत्या की गई है। लालसिंह के शव का जिला चिकित्सालय में पोस्टमॉर्टम कराया गया। इस मामले में एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि मृतक घर और वेयरहाउस के बीच स्थित एक नल के पास से 30 जुलाई को वेयरहाउस के लिए निकले थे। इसके बाद वह लापता हो गए थे। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्राथमिक तौर पर मामला संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का है। परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं। जांच जारी है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### दवा से फसल जली मुआवजे की मांग

**ग्यारसपुर।** क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय को ज्ञापन सौंपकर कीटनाशक दवा के छिड़काव से फसल का मुआवजे देने की मांग की है। हैदरगढ़, चीकली मोहम्मदगढ़ और रहीश नगर के किसानों ने बताया कि उन्होंने हैदरगढ़ के पटेल कृषि सेवा केंद्र से खरीदी गई एचपीएम केमिकल एंड फर्टिलाइजर लिमिटेड की क्लोरोम्यूरान 25% नामक दवाई सोयाबीन फसल में कचरा खत्म करने के लिए डाली थी, लेकिन दवाई डालते ही उनकी पूरी फसल जल गई और लगभग 122 बीघा में खड़ी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। किसानों में खासा रोष है और उन्होंने प्रशासन से शीघ्र मुआवजा दिलवाने की मांग की है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल का कहना है कि किसानों की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जाएगी और दोषी कंपनी पर उचित कार्रवाई करेंगे।

# अमानक खाद और बीज की जानकारी किसानों तक पहुंचाओ मंडियों में तौल कांटों की संख्या और क्षमता बढ़ाओ: कलेक्टर

## कलेक्टर अंशुल गुप्ता प्रतिदिन कर रहे कृषि उपार्जन कार्यों की समीक्षा, अफसरों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा रोज कृषि कार्यों की समीक्षा की जा रही है। खाद बीज के अलावा मूंग उपार्जन समेत कृषि विभाग के माध्यम से संचालित केन्द्रीय और राज्य स्तरीय योजनाओं व कार्यक्रमों की स्थितियों का जायजा लिया जा रहा है।

कलेक्टर ने कहा कि ऐसे किसान जिनके द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ लेकर देश- प्रदेश स्तर पर ख्याति हासिल की है और नवाचारों के साथ-साथ औसत से अधिक पैदावार की ऐसे किसानों की जानकारी अन्य किसानों तक पहुंचाई जाए। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिए हैं किसानों की समस्यायों के प्रति गंभीर होकर सुनवाई कर निराकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कृषि संबंधी जो भी सेम्पल चाहे वह खाद बीज या फिर अन्य रसायन का हो उन सब की जानकारी जिले के किसान भाइयों को सुगमता से मिल सकें ऐसी प्रक्रिया इजाद करें ताकि अमानक स्तर की समाग्री की ठगी से बच सकें। इसी प्रकार जिले की सभी कृषि उपज मंडियों में आने वाले किसानों को भी जानकारी सुगमता से मिल सके। इसके लिए मंडी के विभिन्न सूचना पटलों पर और मंडी के किसानों की केंन्टीन में भी प्रदर्शित की जाए यह निर्देश मंडी सचिव नोडल अधिकारी को दिए गए हैं। कलेक्टर गुप्ता ने जिले की सभी मंडियों में तौल कांटों की संख्या बढ़ाने और क्षमता सौ टन तक करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसानों अपनी उपज की तुलाई के लिए मंडियों से बाहर न जाए।



विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर।

# अशोकनगर में 2 बाइक चोर पकड़ाए विदिशा से चुराई गईं 3 बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अशोकनगर कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में दो युवकों को पकड़ा है। जिनके कब्जे से चोरी की 6 बाइक भी बरामद की गई हैं। मुख्य आरोपी का नाम सोनू प्रजापति है, जो बरखेड़ा जागीर का रहने वाला है। चोर ने तीन बाइक विदिशा, दो अशोकनगर की जिला अस्पताल व खालसा कॉलोनी और एक मुंगावली से चोरी की थी। बरामद की गईं बाइक की कीमत 2 लाख 35 हजार रुपए है।

### सीसीटीवी में दिखा चोर सोनू प्रजापति का चेहरा

अशोकनगर एसडीओपी विवेक शर्मा के मुताबिक एक जुलाई को बुंदेल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 24 जून को वे खालसा कॉलोनी स्थित अपने मित्र के मकान पर गए थे। उन्होंने अपनी बाइक हीरो कंपनी की (MP67 MD 9511) मकान के बाहर खड़ी की थी, जब वे बाहर निकले तो गाड़ी गायब थी। इस पर अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे से चोर की तलाश की तो एक जगह मुख्य आरोपी बाइक चोर सोनू प्रजापति का चेहरा पुलिस को साफ साफ दिखाई दे गया।

### आज किसानों के खातों में पहुंचेगी प्रधानमंत्री सम्मान निधि की राशि

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं किश्त का वितरण प्रधानमंत्री द्वारा 2 अगस्त को वाराणसी, उत्तरप्रदेश से किया जा रहा है। 20वी किस्त वितरण दिवस को किसान दिवस के रूप में मनाया जाना है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वर्ष में कुल राशि 6 हजार रुपए 3 समान किस्तों में प्रदान किए जाते हैं। जिला व ब्लॉक स्तर पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने सुनने की व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

# पुलिया टूटने से पूरी तरह से रास्ता हुआ बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

तेज बारिश के कारण बहराबाबा घाट से रामघाट और वाटर वर्क्स को जोड़ने वाली पुलिया टूट गई है। जिसके कारण श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रतिदिन चरणतीर्थ से बेहराबाबा घट होते हुए मंदिर के दर्शन करते रामघाट तक पहुंचने वाले श्रद्धालु यहां से नहीं निकल पा रहे हैं। यह मार्ग ऐसा है जो बेतवा के चरणतीर्थ घाट से होते हुए शनि मंदिर, महलघाट, बेहराबाबा घाट से होते हुए रामघाट तक जाता और फिर हाईवे पर निकल जाता है। सुबह के समय बेतवा नदी पर पहुंचने वाले ज्यादातर श्रद्धालु इसी मार्ग का उपयोग करते थे, लेकिन पुलिया टूटने के कारण वह यहां से नहीं निकल पा रहे। कई किसानों के बागीचे भी इसी मार्ग पर होने के कारण वह भी इसी रास्ते का उपयोग करते थे।



विदिशा। चोर घाट नाले की पुलिया जो बारिश में टूट चुकी है।

## शमशाबाद के खजूरी गांव में गुरुवार रात हुई घटना

बोट से टापू तक पहुंचे होमगार्ड के जवान

# गाय को बचाने नदी में कूदे 2 युवक, तेज बहाव में बहकर टापू पर फंसे, टीम ने रेस्क्यू कर निकाला


हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शमशाबाद के खजूरी गांव में गुरुवार दो युवक गाय को बचाने के प्रयास में नदी के तेज बहाव में बहकर एक टापू पर फंस गए थे। घटना की जानकारी मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड मयंक जैन ने तत्काल कार्रवाई की।

उन्होंने डीआरसी टीम शमशाबाद को आवश्यक बचाव उपकरणों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए रवाना किया। घटना बाह नदी में हुई जो खजूरी गांव के पास से बहती है। बारिश के कारण नदी में तेज बहाव था। रात के समय एक गाय नदी में गिर गई। गाय को बचाने के लिए गांव के जयदीप सिंह यादव और सत्यम भार्गव नदी में कूद गए। दोनों ने गाय को निकालने की कोशिश की। बहाव तेज होने से वे बहते हुए टापू पर फंस गए।

### बोट से टापू तक पहुंचे, दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला

रात के अंधेरे में होमगार्ड जवान बोट से टापू तक पहुंचे। उन्होंने दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस संयुक्त ऑपरेशन में पुलिस बल और डीआरसी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि बारिश में नदी, नालों व बहाव वाले क्षेत्रों से दूर रहें। कोई भी आपात स्थिति हो तो तुरंत पुलिस या प्रशासन को सूचित करें। इससे समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी।



विदिशा। दोनों युवाओं को निकालने के लिए रात में ही चलाया गया रेस्क्यू अभियान।

# स्मार्ट मीटरों से गरीब बेहाल, बढ़े हुए बिलों के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**ग्यारसपुर।** स्मार्ट मीटरों से आ रहे अत्यधिक बिजली बिलों के विरोध में सैकड़ों गरीब मजदूरों ने शुक्रवार को एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि 8 दिनों के भीतर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे अपने बच्चों सहित भूख हड़ताल पर बैठेंगे और धरना-प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनके बिजली बिल 3 हजार से 10 हजार तक आने लगे हैं, जो आम गरीब मजदूर परिवारों के बस से बाहर है। उनका कहना है कि वे मेहनत मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन-पोषण करते हैं, स्कूल की फीस, ड्रेस और राशन जैसे जरूरी खर्चों के बीच यह बिल उन्हें पूरी तरह तोड़ रहा है। उन्होंने बताया कि न तो उनके घरों में अधिक बिजली उपकरण हैं और न ही इतनी खपत, फिर भी उन्हें भारी भरकम बिल थमाए जा रहे हैं। इससे गांवों में आक्रोश की स्थिति बन गई है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3316
सुजाता
न्यूनतम भाव-2550
उच्चतम भाव-2772
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-2555
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6190
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-9310
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3350
उच्चतम भाव-2621
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4700
सरसों
न्यूनतम भाव-4505
उच्चतम भाव-8402
मूंग
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-7970
बटरी
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4000
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5900
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-2950
धनिया
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-6405

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 7599 बोरे उपज की आवक हुई।

# नवीन न्यायालय परिसर में रोपे गए 170 पौधे, बचाने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में पंच ज अभियान के अंतर्गत पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से 15 जुलाई से 15 अगस्त तक वृहद पौधरोपण विशेष अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को नवीन न्यायालय परिसर ग्राम रजोदा में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीश अनुराग द्विवेदी ने कहा कि प्रकृति की रक्षा एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए आज के समय में अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता है। हमने प्रकृति से जो लिया है उसे वापस लौटाने के लिए अपने जीवन में कम से कम 10 पौधे रोपित कर उनके पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। उनके द्वारा अधिक से अधिक पौधा रोपित किये जाने के लिए सभी को प्रेरित किया गया।

उक्त आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम में सभी विभागों के समन्वय से कुल 170 औषधीय, छायादार और फलदार पौधे रोपित किये गये। उक्त आयोजित कार्यक्रम में अनुराग द्विवेदी प्रथम जिला न्यायाधीश बासौदा के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, हरप्रसाद वंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश, राकेश कुमार ठाकुर प्रथम जिला न्यायाधीश, विमलेश मुडैया द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, रावेन्द्र कुमार सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, आफरीन युसुफजई तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, सुभी स्नो मारिया तिग्गा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, एसडीओपी शिखा भलावी एवं अधिवक्तागण, थाना प्रभारी देहात, शहर बासौदा सहित न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### मरम्मत कार्य हुआ शुरू, तीन दिन तक पुल से यातायात रहेगा बंद

# बासौदा-सिरोंज मार्ग स्थित बेतवा नदी का पुल फिर हुआ क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





पिछले तीन दिनों से उफान पर रही बेतवा नदी का जलस्तर शुक्रवार को कम हो गया और उसका पानी बर्री घाट पुल एवं गंज पुल से नीचे आ गया। गंज पुल से पानी उतरते ही पता चला कि पुल का एक बड़ा हिस्सा नदी के तेज बहाव से क्षतिग्रस्त हो गया है। जानकारी मिलते ही एसडीएम विजय राय ने सेतु निगम के अधिकारियों के साथ मौका मुआयना किया और पुल की मरम्मत करने के निर्देश दिए। उधर पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण वहां से यातायात को बहाल नहीं किया गया है और अब पुल की मरम्मत के बाद ही इस पुल से आवागमन शुरू किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि बेतवा नदी का गंज स्थित पुराना पुल आजादी के पहले का बना हुआ है। लोनिवि या सेतु निगम की ओर से इस पुल की देखरेख की ओर ध्यान नहीं दिया जाता है। कुछ वर्ष पूर्व भी नदी के तेज बहाव के चलते पुल का डामरीकरण क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके बाद इस पुल के पास ही नया पुल बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। अब पिछले चार साल से नया पुल का बेहद धीमी गति से निर्माण चल रहा है और पुराने पुल से आवागमन जारी रहता है। इसके बावजूद जिम्मेदार इस पुल की मरम्मत या देखरेख पर ध्यान नहीं देते हैं। यही कारण है कि पिछले तीन दिनों से पुल पर पानी होने और पानी के तेज बहाव के चलते पुल का डामरीकरण एवं ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। आज सुबह सूचना मिलते ही एसडीएम विजय राय सेतु निगम के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और क्षति का जायजा लिया। पुल के बीच में गहरे गड्ढे बन गए। पुल के क्षतिग्रस्त होने से फिलहाल वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई है। वहीं मरम्मत किए जाने तक पुल का उपयोग नहीं किए जाने के आदेश जारी कर पुल के दोनों तरफ बैरिकेटिंग की गई है तथा पुलिस एवं चौकीदार को तैनात किया गया है। उधर सेतु निगम को तीन दिन में पुल की मरम्मत कर आवागमन बहाल करने को कहा गया। बताया जाता है कि दोपहर बाद से ही पुल की मरम्मत की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

इस संबंध में एसडीएम विजय राय का कहना है कि जल्द ही पुल की मरम्मत करवा कर पुल से आवाजाही फिर से शुरू कर दी जाएगी।

## श्रमदान दल ने पौधा रोपित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पौधरोपण अभियान 4.0 के अंतर्गत एक पौधा, एक संकल्प कार्यक्रम के तहत श्रमदान दल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और सार्थक पहल करते हुए ग्राम बहलोट में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के पीछे स्थित शिव मंदिर परिसर के समीप एक बिल्व पत्र का पौधा रोपित किया। विशेष बात यह रही कि इस पौधरोपण में कई नन्हें नन्हे बच्चे भी सहभागी बने, जिनके अपने मासूम स्पर्श से निश्चित ही एक पौधा एक संकल्प अभियान को जीवंत कर दिया। पौधरोपण के अवसर पर सतपाड़ा कला निवासी दुबे परिवार ने पौधे की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड प्रदान कर एक अनुकरणीय सहयोग प्रस्तुत किया। वह हर वर्ष दो पौधे लगाते हैं, जिनमें से एक स्व. सहोद्रा देवी दुबे की पुण्य स्मृति में और दूसरा किसी पारिवारिक शुभ अवसर पर रोपित किया जाता है। पौधे की देखरेख की जिम्मेदारी मंदिर के पुजारी विनोद गोस्वामी और निकटवर्ती निवासी सुनीता नामदेव ने सहर्ष स्वीकार की। इस मौके पर नितिन अग्रवाल, आकाश जैन, रुद्रांश सिंह, विनोद गोस्वामी, सुनीता नामदेव, ऋषभ नामदेव, शंकर, मनीष कुशवाह, शिवा कुशवाह, अंश लोधी, छोटू, रविन्द्र सहित श्रमदान दल के सदस्य और नागरिक मौजूद रहे।

## महावीर विहार में हो रहा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवान महावीर विहार में समाधिस्थ आचार्य भगवान 108 श्री विद्यासागर के द्वारा रचित सुनीति शतक ग्रंथ पर व्याख्यान देते हुए उन्ही के सुशिष्य निर्यापक श्रमण 108 श्री संभव सागर महाराज ने बताया कि दुनिया में सबसे बड़ा दानी यदि कोई है तो वह भगवान स्वयं है, जिन्होंने अपने पास कुछ नहीं रखा। सब संसारी लोगों के लिए छोड़ दिया। वह सब परिग्रह एवं राग से रहित है, वह तो सिद्ध शिला पर विराजमान है, वहां से सब देख रहे हैं इसलिए उन्हें सर्वज्ञ कहा है। पूज्यश्री ने बताया कि संपत्ति का सदुपयोग करने से विपत्ति नष्ट होती है एवं संपत्ति का दुरुपयोग करने से विपत्ति आती है, सदुपयोग करने का अर्थ है दान पुण्य करना, दान कई तरह से किया जाता है जैसे नाम के लिए गुप्त दान भविष्य निधि के लिये दान छिपाकर कर नहीं छिपाकर अच्छे मन से करना चाहिये। मंदिर निर्माण में जो दान दिया जाता है, वह वह हमारा फिक्स डिपाजिट होता है, जो अगले कई भागों में काम आता है। जहां धन भोगों में उपयोग किया जाता है, वह इसी भव में समाप्त होता है और यदि दान और भोग भी नहीं किया जाता तो, उसका नाश होता है। मंदिर निर्माण में जहां धन की आवश्यकता होती है, वहीं सद्भावना की भी आवश्यकता होती है।

## खबर संक्षेप

### डॉ. विनीत तिवारी सम्मानित



**गंजबासौदा।** श्री वेदामृतम संस्थानम और इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेद ज्योतिष विज्ञान संगोष्ठी में अखिल भारतीय ज्योतिष महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनीत तिवारी को ज्योतिष के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए श्री वेदामृतम संस्थानम जयपुर फाउंडेशन एवं इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी रिसर्च सेंटर, जयपुर द्वारा वेदामृतम सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. तिवारी को सम्मान पत्र के साथ स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। यह सम्मान उन्हें कार्यक्रम के समापन सत्र में अतिथियों द्वारा दिया गया।

## पुण्यतिथि और जयंती मनाई गई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वाचनालाय पाठक संघ द्वारा शहीद ऊधम सिंह की पुण्य तिथि, प्रसिद्ध गायक मोहमद रफ़ी एवं प्रसिद्ध लेखक, साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने रफ़ी एवं मुंशी प्रेमचंद, उधम सिंह के बारे में जानकारी दी और उन्हें देश का महानायक बतलाया। कार्यक्रम में दीपक तिवारी, गोपाल शर्मा, कैलाश नामदेव, शिव प्रसाद श्रीवास्तव, राजकुमार पाराशर, राजेश रिछारिया, ओमप्रकाश, ओम प्रकाश साहू, उत्तम सोनी, संतोष शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने व्यक्त किया।

## नपा सफाई अमले ने विभिन्न वार्डों में कराई साफ-सफाई



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को नगरपालिका सफाई अमले द्वारा नगर के अनेक वार्डों में साफ सफाई कराई गई। नगर के वार्ड क्रमांक 14 शिवनगर वाली पुलिया घुंघरू गार्डन के पास पुलिया के ऊपर रखे हुए झाड़ जेसीबी द्वारा ट्रैक्टर ट्राली में भरवाए गए एवं पुलिया के अंदर का मलबा जेसीबी द्वारा ट्रैक्टर ट्राली में भरवाकर फिंकवाया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद, स्वच्छता अधिकारी आरके नेमा, संतोष प्रभारी दरोगा, विनोद कुमार तिवारी मेट की मौजूदगी में पुलिया का कचरा हटवाया गया। यहां उल्लेखनीय है कि नपा सफाई अमला लगातार नगर के वार्डों में साफ सफाई कर रहा है। वहीं अन्य वार्डों में नपा सफाई अमले द्वारा नाले, नालियों की साफ सफाई कराई जा रही है एवं कचरे को नपा के ट्रेक्टर, ट्राली से भरकर फिकवाया जा रहा है। ताकि पिछले दिनों हुई बरसात में जलजमाव की जो स्थिति निर्मित हुई है, वैसी स्थिति आगामी समय में होने वाली बरसात में उत्पन्न न हो और नागरिकों को परेशानी न उठानी पड़े।

### हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा

गंजबासौदा। द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार ने तीन वर्ष पूर्व हुए महेन्द्र शर्मा की हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 5-5 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 दिसंबर 2022 को मृतक महेन्द्र शर्मा की हत्या के मामले में गोलू, अमन, राघवेन्द्र को आरोपी बनाया गया था। न्यायालय में विचारण के दौरान इन आरोपियों को न्यायालय ने दोषी पाते हुए उन्हें आजीवन कारावास और 5-5 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपीगण को सजा भुगताये जाने हेतु उपजेल बासौदा अभिरक्षा में भेजा गया। उक्त जानकारी नरेन्द्र व्यास अपर लोक अभियोजक द्वारा दी गई।

### जटा शंकर विश्वनाथ मंदिर में हो रहा कथा का आयोजन

# शिव महापुराण कथा में माता पार्वती का प्रसंग सुनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पुरानी नगर पालिका के पीछे जटा शंकर विश्वनाथ मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा के अष्टम दिवस में पंडित धर्मेन्द्र भार्गव ने शिव प्राप्ती हेतू माता पार्वती की तपस्या का वर्णन करते हुए कहा कि नारद जी के द्वारा पंचाक्षर मंत्र प्राप्त कर माता पिता से आज्ञा ले पार्वती तपस्या हेतू जया, विजया सखियों के साथ गंगावतरण स्थान पर अत्यन्त दुष्कर तप किया। ग्रीष्म काल में दिन रात अग्नि प्रज्वलित कर उसके मध्य बैठ दिन, रात पंचाक्षर मंत्र का जाप करतीं।

वर्षा के समय खुले आकाश के नीचे जल की धारा सहन करती शीत काल में निराहार रहकर, वह जल के मध्य निवास करतीं शिव में मन लगाकर पहले तो फल खाकर तपस्या की फिर पत्ते खाकर तपस्या करती रहीं उसके बाद पत्ते खाना भी छोड दिये, तो देवताओं ने उनका नाम अपर्णा रखा पंचाक्षर मंत्र का जाप करते हुए उन्होंने तीन सहस्त्र वर्ष बिता दिए। फिर बिष्णु आदि देवताओं ने भगवान शंकर विवाह हेतू प्रार्थना की। तब शंकर ने सप्तर्षियों को पार्वती की परीक्षा लेने हेतु भेजा ऋषियों ने अनेक प्रकार की युक्तियों से पार्वती की भाव परीक्षा की। परन्तु वह उनको तप से विचलित न कर पाए। पार्वती जी कहतीं है ब्राम्हणों यदि शंकर मेरे साथ विवाह नहीं करेंगे तो में जीवन भर अविवाहित रहूँगी। चाहे सूर्य पश्चिम से उदय हो जाए चाहे सुमेरु अपने स्थान से चलायमान हो जाएँ, चाहे कमल पर्वत पर खिलने लगे, तब भी में अपना हठ नहीं छोडूंगी। यह में सत्य कहतीं हूँ तब ऋषियों ने उनकी जय जयकार करते हुए शिव जी को सारा वृतांत सुना दिया। फिर शिवजी स्वयं ब्रम्हचारी का भेष धारण कर पार्वती की परीक्षा के लिए गए एवं पार्वती जी के पास जाकर स्वयम की निन्दा प्रारम्भ कर दी। तब पार्वती जी ने कहा यदि शिव मुझे स्वीकार नहीं करेंगे तो में अग्नि प्रवेश करूंगी पुनः जन्म लेकर शिव को प्राप्त करने का उपाय करूँगी। ऐसा कह कर ब्रम्हचारी शिव के मना करने पर भी अग्नि में प्रवेश कर गईं। परन्तु उनकी तपस्या के प्रभाव से अग्नि शीतल हो गई, शिवजी प्रसन्न हो पार्वती जी के समक्ष अत्यन्त सुन्दर रुप धारण कर प्रकट होकर बोले हे देवी आज तुमने मुझे अपनी तपस्या से प्रसन्न कर लिया है। मैं तुम्हे अपनी वामांगी के रूप में स्वीकार करता हूँ। पार्वती बोली अब आप विवाह विधि से मेरा वरण करें। इस मौके पर गोपाल शर्मा, कैलाश नामदेव, शिव प्रसाद, राजेश रिछारिया, राजकुमार पाराशर, दीपक तिवारी, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, सुनील बाबू पिंगले, सतीश शिल्पकार सहित गणमान्य नागरिकों ने व्यासपीठ एवं कथा वाचक पंडित देवेंद्र भार्गव का पुष्पहार, शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।

## नपा अमले ने पकड़ा आवारा कुत्तों को



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को नपा अमले द्वारा नगर में विचरण आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर के वार्ड नंबर 21 में आवारा कुत्तों को पकड़वाया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों से भी कुत्तों को पकड़ा गया। इस अवसर पर पार्षद नारायण सोनी , आर के नेमा , जावेद खान , संतोष प्रभारी दरोगा, सुनील कुमार प्रभारी मेट सहित नपा अमला मौजूद रहा।

## अखिल भारतीय रघुवंशी युवा प्रदेश कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



रघुवंशी समाज के संगठनात्मक ढाँचे को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद की युवा इकाई की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश युवा अध्यक्ष चंद्रशेखर रघुवंशी ने संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों से विमर्श और सहमति के बाद कार्यकारिणी में विदिशा जिले के साथ-साथ प्रदेशभर से रघुवंशी समाज के सामाजिक रूप से सक्रिय और ऊर्जावान युवाओं को शामिल किया है। प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर रघुवंशी ने बताया कि संगठन का उद्देश्य सिर्फ पदाधिकारियों की घोषणा करना नहीं है, बल्कि समाज को संगठित कर युवाओं की क्षमता का सही दिशा में उपयोग करना है।

इस भावना के अनुरूप उन्होंने कार्यकारिणी में जिले के साथ-साथ प्रदेशभर के उन युवाओं को जोड़ा है जो अपने-अपने क्षेत्रों में समाजसेवा और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। घोषित प्रमुख नवगठित कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष के साथ दो कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं जिनमें अमित रघुवंशी अशोकनगर, अजय रघुवंशी रायसेन के अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण रघुवंशी , प्रदेश महामंत्री अरविंद रघुवंशी, महेंद्र रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी, दीपक रघुवंशी ग्यारसपुर, संतोष रघुवंशी, नीलेश रघुवंशी, निरंजन सिंह रघुवंशी, प्रदेश मीडिया प्रभारी पत्रकार देवेंद्र रघुवंशी, शैलेंद्र रघुवंशी लटेरी एवं नीलम रघुवंशी को बनाया गया है। संगठन मंत्री धीरेंद्र रघुवंशी (रिंकू) सिरोंज,भगत सिंह रघुवंशी कोलिंजा, जितेन्द्र रघुवंशी नटेरन, प्रवीण रघुवंशी आगासौद, गोलू रघुवंशी तिलक खेजड़ा, रविन्द्र रघुवंशी कोठीचार, प्रदीप रघुवंशी महलुआ चौराहा कुरवाई को बनाया गया है जबकि प्रदेश मंत्री संग्राम रघुवंशी जोहद विदिशा को बनाया गया है। डॉ. उमाशंकर रघुवंशी, वीरेंद्र सिंह रघुवंशी, गजेंद्र सिंह रघुवंशी मुख्य संरक्षक बनाए गए हैं। पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी को प्रदेश अध्यक्ष जबकि इसी संगठन की युवा इकाई का राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह रघुवंशी और प्रदेश अध्यक्ष की जवाबदारी चंद्रशेखर रघुवंशी को सौंपी गई है। उपाध्यक्ष, महासचिव, कार्यसमिति सदस्य और मीडिया प्रभारी जैसे अहम पद विदिशा के युवाओं को दिए गए हैं। विदिशा में सामाजिक और राजनीतिक रूप से रघुवंशी समाज की भागीदारी इसका प्रमाण है कि जिला संगठनात्मक गतिविधियों का मजबूत केंद्र बनता जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### करणी सेना परिवार के जिला कार्यकारी अध्यक्ष बने गोविन्द सिंह चौहान


**सिरोंज।** करणी सेना परिवार प्रदेश महासचिव रणवीर सिंह की अनुशंसा पर करणी सेना परिवार प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर की सहमति से जिला अध्यक्ष दातार सिंह राजपूत द्वारा सदैव सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले, कर्मठ, निष्ठावान एवं ऊर्जावान समाजसेवी बन्ना गोविन्द सिंह चौहान रुसल्ली दामा को करणी सेना परिवार विदिशा जिला कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सिरोंज शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में समाज में हर्ष का माहौल है। तो वहीं उनके मित्रों,शुभचिंतकों समर्थकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समाज को मजबूत सशक्त बनाने कि बात कही गई।

### आबकारी ने गढ़ाकोटा से 34000 रुपए से अधिक की शराब की जप्त

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए 34200 रूपये की अवैध शराब को जप्त किया है । आवकारी विभाग कि मंजूषा सोनी अनुसार पुलिस अधीक्षक सागर के द्वारा अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के तहत आबकारी विभाग के द्वारा अवैध शराब को पकड़ने की लगातार कारवाइयां की जा रही हैं इसी क्रम में गुरुवार के दिन गढ़ाकोटा में 34200 की शराब पकड़ी है । आरोपी शालिग्राम पटेल बिंदी चौराहा से 49 पाव, बद्री पटेल गोपाल पिपरिया से 166 पाव, नीरज साहू बसारी कुटी से 32 पाव, माधव कटारे राम जी ढाबा रहली रोड गढ़ाकोटा से 34 पावर शराब जप्त की है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान: न्यायालय परिसर में 100 ट्री गार्ड लगाकर 100 पौधे रोपे

# आज हम सांस ले रहे वे किसी व्यक्ति के द्वारा लगाए पौधे होंगे: न्यायाधीश पांडे





हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरोंज

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रथम जिला न्यायधीश विजय कुमार पांडे,व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ खण्ड श्रीमति मोना शुक्ला पाण्डे,वरिष्ठ खण्ड सुश्री अंकिता जैन,अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी सहित समस्त अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में 100 ट्री गार्ड लगाकर परिसर में 100 पौधो का रोपण किया। तो वही समस्त न्यायालय परिसर के सहयोग से परिसर में लगाए गए 100 ट्री गार्ड से इन पौधो की रक्षा होगी। साथ ही लंबे समय पर यह पौधे जीवत रह पाएगें। इस अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान प्रथम जिला न्यायधीश विजय कुमार पाण्डें ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी नगरवासियो से अपील की है कि वे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण करें तथा अन्य लोगों को भी इस अभियान के साथ-साथ पर्यावरण के महत्व बारे जागरूक करें, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित कर सकें। वही उन्होने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण बहुत ही जरूरी है। हम अच्छे वातावरण की उम्मीद तो करते है लेकिन अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते, अपनी जिम्मेदारी समझें और सभी नागरिक ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। क्योंकि पौधों के बिना धरती पर जीवन की कल्पना बिल्कुल भी नहीं की जा सकती है। प्रत्येक व्यक्ति को सोचना चाहिए कि आज हम जो सांस ले रहे हैं वह किसी हमारे जैसे व्यक्ति द्वारा लगाए गए पौधों की

#### हम सब की सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी पौधारोपण

*वहीं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी ने पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान समस्त नागरिकों से एक पौधा अवश्य लगाने की अपील करते हुए कहा कि पेड़ पौधों का महत्व इंसान के लिए कितना है इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पहले सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज हकीम वैद्य पेड़ पौधों से ही करते थे और रामायण में भी उल्लेख है कि लक्ष्मण जी की मूर्छा जड़ी बूटी से ही दूर हुई थी। इसलिए इनके महत्व को प्रत्येक व्यक्ति समझे और अधिक से अधिक पौधे लगाए। मानव जीवन में वृक्षों का बहुत अधिक महत्व है। वृक्ष पर्यावरण संतुलित रखने के साथ-साथ मानव के खाद्य सामग्रियां और औषधियां देते हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण हम सब की सामाजिक व नैतिक जिम्मेवारी है।*

#### हर व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाए

इस अवसर पर व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ खण्ड श्रीमति मोना शुक्ला पाण्डे ने कहा कि मानव जनसंख्या तो लगातार बढ़ रही है लेकिन पेड़ पौधों की संख्या लगातार कम हो रही है। यह चिंता का विषय है। लोग अपने फायदे के लिए पेड़ों पर आरी चला रहे हैं लेकिन नए पौधे कम ही लगा रहे हैं। हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य ही लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए पौधारोपण से बढ़िया कोई उपाय नहीं है। पौधारोपण के आगे सारे प्रयास बौने ही हैं। लोग बरसात के इस मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल का भी संकल्प लें तो सर्दी के मौसम में चरम पर पहुंचने वाला प्रदूषण काबू में किया जा सकता है। वहीं वरिष्ठ खण्ड सुश्री अंकिता जैन ने कहा कि पौधे हमारी जिंदगी हैं, हमें भोजन, हवा, पानी सब कुछ तो देती ही हैं उनकी सुंदरता मन को मोह लेती है। इंसान को तो यह जिंदगी देते ही हैं इस धरा पर जीव जंतुओं को भी यह पौधे जीवन देते हैं।

### राम-राज्यम जनकल्याण समिति ने

## उत्साह पूर्वक मनाया महाकवि तुलसीदास जयंती समारोह



**सिरोंज।** श्री राम राज्यम जनकल्याण समिति द्वारा गुरूवार को रात्रि में श्री गणेश सदन में महाकवि तुलसीदास की जयंती श्रद्धा भक्ति एवं उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ताओं ने महाकवि तुलसीदास के जीवन चरित्र एवं रामचरित मानस महाकाव्य की सामाजिक उपयोगिता पर प्रकाश भी डाला गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित ओमप्रकाश शर्मा ने महाकवि तुलसीदास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसीकृत रामचरित मानस में जीवन जीने की कला छिपी हुई है इसलिए आज की युवा पीढ़ी को इसका वाचन एवं श्रवण करने की बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में आने वाले समस्त दैहिक, दैविक, भौतिक एवं समस्त मानस रोगों का निवारण भी रामचरित मानस की चौपाईयों में छिपा हुआ है। वही कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं वरिष्ठ शिक्षक पं. सत्यनारायण शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि तुलसीकृत रामचरित मानस की महिमा अपार है क्योंकि इस कलयुग में सत्संग एवं भक्ति के माध्यम से ही हम अपने जीवन को पार लगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में असुर शक्तियाँ पहले थी और आज भी विचरण करती है इसलिए आज की युवा पीढ़ी को रामचरित मानस पढ़ने की बहुत जरूरत है इसे पढ़कर वह अपने जीवन को आदर्श पूर्वक जी सकते हैं। पूरे विश्व में भारत ही एक ऐसा देश है जो विश्व शांति की बात करता है ।

इस अवसर पर कृष्ण विहारी पांडे नपा अध्यक्ष मनमोहन साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किये। सम्मान पत्र का वाचन शिवकुमार मिश्रा, संचालन ललितकांत चौरसिया एवं आभार मूलचंद नेमा ने व्यक्त किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ राम-दरबार एवं संत तुलसीदास के चित्र के सम्मुख माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर हुआ।

## भाजपा नेता त्यागी ने किया कथावाचक का सम्मान

**सिरोंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी ने नगर के छत्री नाका चौराहा स्थित श्री हनुमान मंदिर पर चल रही श्रीमद भागवत कथा में पहुचकर कथा वाचक का फूलमाला पहनाकर शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर कथा वाचक महाराज ने भागवत कथा के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भागवत पुण्य प्राप्ति के लिए, जीवन मुक्ति के लिए, पितरों के मोक्ष के लिए, भव से तरने के लिए, शुभ कर्म के लिए, सनातन धर्म के लिए ब्रह्मांड को जानने के लिए, जीवन को समझने के लिए तथा जीवन में विसादों को मिटाती है। भागवत अज्ञान के अंधकार को हटाती है, आत्मा को परमात्मा से मिलाती है। पापियों को पाप से तारती है। प्रभु के अवतारों की कथा है भागवत। कथा वाचक महाराज ने बताया कि



श्रीमद् भागवत का श्रवण मिलना किसी पुरुषार्थ का कारण नहीं है, वरन-अपने पूर्व जन्मों के पुण्यों का संचित कर्म है। कथा के महात्म्य पर बोलते हुए महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से भक्ति, ज्ञान व वैराग्य की पुष्टि होती है और जीव का कल्याण होने में इन तीनों का होना अनिवार्य है।

### बड़ी संख्या में समाजजनों ने लिया भाग

## पारसनाथ के कथन पर अमल करो प्रतियोगिता हुई

**सिरोंज।** अखिल भारतवर्षीय दिव्या देशना महिला परिषद सोमा संभाग सिरोंज द्वारा मुकुट सप्तमी पर श्री 1008 श्री पारसनाथ विधान किया गया। साथ ही भगवान पारसनाथ को निर्माण लाडू चढाया गया। तो वही सभी समाजजनो ने शाम को श्री पारस नाथ की आरती एवं पारस नाथजी के कथन पर अम्ल करो प्रतियोगिता में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। तो वही सर्वोदय महिला परिषद द्वारा प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। मोक्ष सप्तमी के 1 दिन पहले नव युवक मंडल को दिव्या देशना महिला परिषद सिरोंज ने मुक्तिधाम सौंदर्य करने के लिए 2100 कि राशि भेंट की गई। उक्त जानकारी दिव्य देशना महिला मण्डल की अध्यक्ष रानी जैन द्वारा दी गई।



## कर्ज के बोझ तले दबीं हिनोतिया गांव की महिलाएं कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

ग्राम हिनोतिया माली की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। महिलाओं का आरोप है कि उनके समूह ने 5 लाख रुपए का लोन लिया था, जिसमें प्रत्येक महिला को 50-50 हजार रुपए मिले। अध्यक्ष को छोड़कर सभी महिलाओं ने अपने हिस्से की राशि बैंक में जमा कर दी, लेकिन अध्यक्ष द्वारा राशि जमा नहीं की गई।

अब समूह पर 1 लाख रुपए ब्याज सहित नोटिस थमा दिया गया है, जिससे महिलाएं परेशान हैं। महिलाओं ने बताया कि इसके अतिरिक्त एक जनगणना समूह के नाम पर करीब 9 लाख रुपए की राशि भी निकाली गई। जिसका लाभ उन्हें नहीं मिला। आरोप है कि उक्त राशि दो कर्मचारियों द्वारा आपस में बांट ली गई और अब उसका भुगतान भी इन भोली-भाली महिलाओं से वसूला जा रहा है। कांता बाई और रेखा बाई ने बताया कि जब उन्होंने यह पैसा उपयोग ही नहीं किया तो वे इसका भुगतान कैसे करें। महिलाओं ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई और खुद को इस कर्ज से मुक्त करने की मांग की है। कलेक्टर से जांच व कार्रवाई की मांग की गई है।

### लायंस क्लब सदस्यों ने रामलीला में भोजन बांटा

**विदिशा।** अतिवृष्टि और बेतवा नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण प्रभावित स्लम क्षेत्रों और अस्थायी विस्थापित बस्तियों में लायंस क्लब विदिशा सनराइज द्वारा सेवा कार्य किया गया। अभियान लायंस क्लब विदिशा मेन के सचिव लायन देशराज पचौरी की पहल पर आयोजित किया गया, जिसमें सनराइज क्लब के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। शोभित भार्गव ने बताया कि बेतवा नदी के किनारे बसी बस्ती और रामलीला मैदान में आश्रय लिए हुए बाढ़ पीड़ित परिवारों को भोजन के पैकेट वितरित किए गए। वहीं, छोटे बच्चों को बिस्कुट के पैकेट देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। इस दौरान शालिनी भार्गव, जीएस चौहान, तपिश अग्रवाल, अमित ठाकुर, राजेंद्र खेड़ा, शाश्वत शर्मा, देशराज पचौरी मौजूद रहे।

## ठेकेदार ने खानापूर्ति कर बहाना बनाकर बीच में छोड़ा काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुलाबगंज

नगर में जल जीवन मिशन के तहत जल निगम द्वारा डाली गई पाइप लाइन को डालने के लिए रोड खुदाई की गई थी। जिसमें पहले विभाग द्वारा मिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी थी। जिसकी पोल बारिश में खुल गई क्योंकि बारिश के पानी से मिट्टी पर वाहन चलना तो दूर पैदल चलना भी दूभर साबित हो रहा था।

कुछ समय बाद जल निगम विभाग ठेकेदार कैलाश शेखावत ने थोड़ा बहुत सीसी रोड का काम करा कर पतली पतली सीसी डल दी। जहां जहां थोड़े गड्ढे थे लेकिन जहां ज्यादा गड्ढे थे वो आज भी ज्यों के त्यों हैं। वहीं ठेकदार अब बहाने बनाते नजर आ रहा है और काम को बीच में छोड़ कर भागते नजर आ रहे हैं। रोड की हालात ज्यों की त्यों है। जनता परेशान है बच्चे परेशान है और ठेकेदार अपनी ही मोज में है। जिसके कारण बारिश में डेंगू, मलेरिया, टायफायड जैसी गंभीर बीमारियां फैल रही हैं। वहीं उसी रोड पर आंगनबाड़ी, चार अशासकीय स्कूल, शासकीय अस्पताल एवं कोचिंग सेंटर होने से बच्चों,बुजुर्ग, मरीज, गर्भवती महिलाओं का रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल निकलना होता है।

सरपंच पूजा घावरी का कहना है हमारे द्वारा बार बार जल निगम को सड़क रिपेयरिंग के लिए बोला गया किंतु ठेकेदार कैलाश शेखावत द्वारा लेटलतीफी की जा रही थी। जैसे तैसे जल निगम सड़क रिपेयरिंग के लिए आए। थोड़ा बहुत काम किया रोड रिपेयरिंग नाम मात्र की जा रही थी। ऊपर ऊपर थोड़ा बहुत रेत का मसाला डाला जा रहा था। मैने बोल काम ठीक से करो, 8 इंच रोड रिपेयरिंग करो लेकिन मेरी बात ठेकेदार ने नहीं सुनी और आज भी रोड की हालत ज्यों की त्यों है। मैंने ठेकेदार को फोन करा तो उनका कहना है करा लो जिससे कराना हो हमको तो इतना ही करना था।

### बाढ़ पीड़ितों को भोजन, कपड़े, दवाइयों की व्यवस्था कराई

**विदिशा।** जिले में हुई अतिवृष्टि से उत्पन्न विषम परिस्थितियों में प्रभावित होने वालों को प्रशासन द्वारा पहले ही सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के कार्यो को अंजाम दिया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा राहत शिविरों में रहने वालों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विशेष कैंपों का आयोजन कर बाढ़ पीड़ितों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां निशुल्क प्रदाय की गई हैं। गसुमेर बर्री में पंचायत भवन में बनाए गए राहत शिविर में बाढ़ पीड़ितों को प्रशासन द्वारा भोजन, दवाईयां एवं कपड़ों की व्यवस्था कराई गई।

## हैदरगढ़ में रेत माफिया पर कार्रवाई, पुलिस और एसडीएम के बयान में बढ़ा विरोधाभास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हैदरगढ़

शुक्रवार दोपहर को हैदरगढ़ पुलिस ने एक मैसी ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से रेत का खनन और परिवहन करते हुए पकड़ा। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के पड़रिया घाट पर हुई। इस कार्रवाई के बाद पुलिस और प्रशासन के बयानों में बड़ा विरोधाभास देखने को मिला है। जब मीडिया ने थाना प्रभारी पूजा रावत से इस बारे में बात की तो उन्होंने कहा कि आगे की कार्रवाई एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय करेंगे। इसके ठीक उलट एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय का कहना है कि मुझे इस मामले की जानकारी नहीं है। संबंधित थाना प्रभारी से जानकारी लेता हूं। एसडीएम के इस बयान से सवाल उठ रहे हैं कि क्या पुलिस और प्रशासन के बीच समन्वय की कमी है,



या फिर इस मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक हैदरगढ़ थाना क्षेत्र में करीब छह ट्रैक्टरों से लगातार रेत का अवैध खनन और विक्रय किया जा रहा है। ऐसे में एक ट्रैक्टर पर हुई कार्रवाई और उसके बाद प्रशासन के गैर-जिम्मेदाराना बयान रेत माफिया के बढ़ते हौसलों की ओर इशारा कर रहे हैं।

### 230 गांव में पहुंचा डेंगू जागरुकता रथ

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** 11 से 31 जुलाई के बीच 230 गांव में डेंगू रथ के माध्यम से डेंगू के बारे में प्रचार-प्रसार किया गया। रथ के माध्यम से आशा कार्यकर्ता एएनएम सुपरवाइजर मेडिकल ऑफिसर आदि को डेंगू के बारे में जानकारी देते हुए आम नागरिकों को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार के निर्देशन में 11 जुलाई से शुरू हुए प्रचार-प्रसार अभियान के तहत जिले के विदिशा ब्लॉक पीपलखेडा, लटेरी, सिरोंज, शमशाबाद, नटेरन, ग्यारसपुर, कुरवाई, बासौदा एवं त्योंदा के 230 गांव , में डेंगू रथ का भ्रमण कराया गया। डेंगू रथ के माध्यम से ऑडियो का भी सहयोग लिया, गांव-गांव, वार्ड-वार्ड में डेंगू रथ पहुंचकर घरों के आसपास टायर कूलर पानी मिट्टी के बर्तन में से पानी को पलटी कर कर उसमें दवा का छिड़काव किया गया। इस दौरान पंपलेट फोल्डर एवं नारों के माध्यम से ग्रामीणों में जागरूकता फैलाई गई। 31 जुलाई 2025 डेंगू निरोधक माह जुलाई का समापन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अहमदपुर में किया गया।

**In The Court Of II Additional District and Session Judge, Sironj, District Court, Vidisha**

Presiding Officer : विजय कुमार पाण्डेय
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC GW/0000002/2025)
राधव दांगी द्वारा संरक्षक माता विमलेश बाई ................ वादी
Vs
सर्व साधारण .................... प्रतिवादी
Process Id- 414/2025
पेशी दिनांक :- 22/08/2025
प्रेषिती- सर्व साधारण पता - विदिशा जिला विदिशा

यह कि प्रार्थी राघव दांगी पिता स्व. राजबहादुर दांगी अल्पवयस्क द्वारा संरक्षक माता विमलेश बाई, निवासी- ग्राम चाठौली तहसील सिरोंज जिला विदिशा ने ग्राम चाठौली तहसील सिरोंज जिला विदिशा में अवस्थित भूमि सर्वे क्रमांक 1610/1 रकवा 0.100 हेक्टर तथा सर्वे क्रमांक 1164/4 में से 0.095 हेक्टर कुल रकवा 0.195 हेक्टर भूमि को जतिन सप्रे पुत्र संजय सप्रे निवासी गड़ा मोहल्ला तहसील कुरवाई जिला विदिशा को दिनांक 15/09/2023 से 05 वर्ष की अवधि तक पेट्रोल कंपनी HPCL / IOCL / BPCL को लीज (पट्टा) पर दिये जाने हेतु अनुमति प्रदान किये जाने बावत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में संस्थित किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 22/08/2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक राघव दांगी पिता स्व. राजबहादुर दांगी अल्पवयस्क द्वारा संरक्षक माता विमलेश बाई को अनुमति सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 22 अगस्त 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 31 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश विजय कुमार पाण्डेय
द्वितीय जिला न्यायाधीश सिरोंज जिला विदिशा

## एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत पौधरोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

स्तनपान सप्ताह के अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ एक पेड़ मां के नाम तथा एनएसएस के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया।

जिसमें छात्राओं को स्तनपान का महत्व व वृक्षों का महत्व बताया गया एवं छात्रों के द्वारा स्वयं ही पौधारोपण भी किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न होने के उपरांत छात्रों के द्वारा स्तन पान की जागरूकता बढ़ाने हेतु रंगोली, पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एनपी अरोरा के द्वारा किया गया तथा डॉ. सपना कैन ने भी अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक पौधा लगाया।

जिसमें उन्होंने छात्रों को जागरुक करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया, कार्यक्रम का संयोजन गृह विज्ञान विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ. आरती मल्होशिया के द्वारा किया गया एवं संपूर्ण कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न करने में डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, प्रियंका सोंधिया एवं नीतू दांगी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### एक प्रकरण में नगद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी के द्वारा फरार आरोपियों की सूचना देने वालों को दस हजार की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। श्री काशवानी के द्वारा जारी इनाम उदघोषणा आदेश में उल्लेख है कि थाना पथरिया के दर्ज अपराध के फरार आरोपी बंटी पुत्र पीरिया पारदी निवासी सूखी सेवनिया जिला भोपाल की सूचना देने वाले को दस हजार रूपए की नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है।

**सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा Quess Corp Limited का ID Card गुम गया है जिसका आवेदन (Fir) मैने नटेरन थाने में दर्ज करा दिया है । मेरा ID Card No 240321132003437 है जिस किसी महानुभाव को मिले वो नटेरन थाने या मेरे नंबर पर सम्पर्क करें।

भवदीय
अभिषेक रघुवंशी पुत्र राजेन्द्र सिंह
निवासी : खेजड़ा तिला तहसील नटेरन
विदिशा मो.नं. 9584956778


### कार्यक्रमः पंडित गंगा प्रसाद पाठक न्यास द्वारा प्रेमचंद एवं तुलसीदास जयंती पर किया आयोजन

# प्रेमचंद को पढ़ना भारत को समझने का प्रयास है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

पं गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास द्वारा अग्रवाल ट्रस्ट धर्मशाला के सभागार में उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया। संगोष्ठी में प्रेमचंद की भारत संकल्पना विषय पर अपने उद्बोधन में संगोष्ठी के इलाहाबाद विश्व विद्यालय प्रयाग में हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विषय के प्रोफेसर संतोष भदौरिया ने कहा कि प्रेमचंद की भारत संकल्पना को समझने के लिये गोस्वामी तुलसीदास और प्रेमचंद के लेखन से जुड़ना एक अनिवार्यता है। प्रेमंचद को हमने टुकड़ों टुकड़ों में पढ़ा और समझा है इसलिये वे किसी को गांधीवादी और किसी को प्रगतिवादी दिखाई देते हैं। प्रेमचंद और गांधी के केंद्र में हमेशा किसान या खेतीहर मज़दूर रहे।

उनके लेखन में ग़रीब, मज़दूर, किसान और समाज से उपेक्षित वर्ग है और उनके लेखन में यही पात्र हीरो बनकर उभरते हैं। संतोष भदौरिया ने आगे कहा कि प्रेमचंद की भारत संकल्पना साम्प्रदायिकता और पाखंड के ख़िलाफ़ है। उन्होंने कहा कि सन 1990 के बाद पैदा हुए ऐसे मध्यवर्ग को देखकर प्रेमचंद निश्चित ही दुखी होते जो मध्यवर्ग



अपनी वर्तमान स्थितियों और उपलब्धियों से संतुष्ट है। प्रेमंचद का लेखन भारतीय समाज को गंभीरता से समझने की दृष्टि देता है। इस अवसर अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में न्यास के अध्यक्ष ख्यात आलोचक और कवि डॉक्टर विजय बहादुर सिंह ने कहा कि अपने समाज को देखखर,समझकर और उसके प्रश्नों से जूझकर उनके उत्तर के लिये छटपटाती इच्छा ही किसी को लेखक बनाती है। इसीलए प्रेमचंद अपने लेखन से समाज की चेतना को बार बार झकझोरकर जगाते हैं। समाज की चेतना को जगाने का निरंतर प्रयास ही प्रेमचंद को प्रेमचंद बनाता है। शासकीय कन्या महाविद्यालय में हिन्दी के सहायक प्राध्यापक अस्मुरारी नंदन मिश्र ने कहा कि प्रेमचंद मानते हैं कि भारत का उद्धार भारत की जनता के हाथ में है, इसीलिए प्रेमचंद के लेखन में उनके सारे पात्र ऐक उपेक्षित वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं।

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से संबंद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
CIST COLLEGE • ALWAYS AHEAD •
CIST COLLEGE
E-pravesh code : P634
ADMISSION OPEN
B.B.A. PGDCA
CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.) | 07592-403481, 796042, 9893708149

## डॉ प्रभुराम चौधरी की क्षेत्र के विकास के लिए एक और 'सौगात', आगे भी घूमता रहेगा विकास का 'पहिया'

# अब किले की राह होगी आसान, लगेगा रोप-वे

◆ सांची विधायक डॉ चौधरी ने विधानसभा सत्र में उठाया था जनता से जुड़ा महत्वपूर्ण सवाल | ◆ पुरातत्व विभाग की बढ़ेगी आय, स्थानीय युवाओं को मिलगा रोजगार | ◆ रोप-वे के लिए कार्य योजना स्वीकृत, भूमि आवंटन के लिए वन विभाग को भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

अब रायसेन किले के विकास को लगेंगे पंख और युवाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही पर्यटकों की संख्या बढ़ने से पुरातत्व विभाग की भी आमदनी बढ़ जाएगी। मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान रायसेन दुर्ग में रोप-वे निर्माण को लेकर पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने सरकार से रोप वे निर्माण की स्थिति जानी।



सरकार की ओर से जवाब में राज्य मंत्री, पर्यटन धर्मेंद्र लोधी द्वारा बताया गया कि रायसेन दुर्ग रोप-वे के निर्माण के लिए कार्य योजना स्वीकृत की गई है। इसके लिए भूमि आवंटन के लिए वन विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। यह जवाब रायसेन वासियों के लिए हर्ष का विषय है, क्योंकि लंबे समय से यह मांग उठती रही है कि ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रायसेन किले को रोप-वे से जोड़ा जाए। जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल सके और स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित हों।

रायसेन को मिली इस अनुपम सौगात के लिए पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी का आभार व्यक्त किया है।

मालूम हो कि क्षेत्रीय विधायक डॉ चौधरी द्वारा समूची सांची विधानसभा क्षेत्र में विकास की लगातार कई सौगातें दी गई हैं। जिसकी शहरवासियों द्वारा विधायक डॉ चौधरी सीएम डॉ मोहन यादव के प्रति आभार प्रकट किया जा रहा है।



### रायसेन के विकास में नहीं आने देंगे कभी

*रायसेन के विकास में कभी कमी नहीं आने दूंगा। विकास की श्रृंखला में जिला अस्पताल को दो शव वाहन दिलाए तथा दरगाह शरीफ से सेंडोरा बायपास तक का निर्माण होगा। वहीं रायसेन के किले को रोप-वे की सौगात मेरे प्रयासों से पूरी हुई है। किला ऐतिहासिक पर्यटक स्थल होने के कारण सैलानियों की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी तथा रोजगार बढ़ेगा।*



डॉ प्रभुराम चौधरी
विधायक सांची



रायसेन दुर्ग को मिली रोपवे की सुविधा से जिले की प्रसिद्धि को पंख लगेंगे। युवाओं को गाइड बनाकर रोजगार तो मिलेगा ही। साथ ही जिले के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।
– **राजकुमार यादव**, पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका।

### लंबे अरसे के बाद रोपवे की मांग हुई पूरी



ऐतिहासिक रायसेन किले के रोप-वे को लेकर विधायक जी के साथ-साथ मैंने भी लंबी लड़ाई लड़ी थी। भाजपा के वरिष्ठ नेता व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल से रायसेन आगमन पर कई दफे ज्ञापन सौंपकर मांग की जाती रही, लेकिन मैंने भरसक कोशिश कर हार नहीं मानी। हम सबके प्रयासों का ही नतीजा रहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किले पर रोप-वे की जायज मांग को पूरी की।
– **जमना सेन**, विधायक प्रतिनिधि।

## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरा टैंकर



**दीवानगंज।** भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। वहीं गुरुवार-शुक्रवार देर रात 2 बजे के लगभग भोपाल से विदिशा जा रहा टैंकर क्रमांक आरजे 09 जीडी 9082 नायरा पेट्रोल पंप के सामने अनियंत्रित होते हुए रोड से नीचे जाकर मिट्टी में फंसकर रह गया। गनीमत रही टैंकर थोड़े और आगे नहीं बड़ा नहीं तो पलट जाता क्योंकि उसी के पास 8 फीट गहरी खाई है जहां पर टैंकर फंसा है।

### नपाध्यक्ष ने किया वार्डों का भ्रमण, देखी व्यवस्था



**रायसेन/बेगमगंज।** बारिश थमने के बाद शुक्रवार सुबह से दोपहर तक बेगमगंज नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, पार्षद प्रवीण जैन (पिन्टू जैन), पार्षद प्रतिनिधि शाकिर मंसूरी,अहमद अली एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र शर्मा ने अपनी टीम के साथ नगर के वार्ड क्रमांक 5-6 लखेरापुरा, कबीट चौराहे, विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर वार्डवासियों की समस्याओं का निराकरण तत्काल किया गया। सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले सफाई कर्मचारियों को दी नसीहत।

### मुंशी प्रेमचंद के जीवन दर्शन से कराया अवगत




**सिलवानी।** नगर के शासकीय महाविद्यालय में मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर छात्र छात्राओ को उनके जीवन दर्शन से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहें। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य मनोहर लाल पंथी के मार्गदर्शन में मुंशी प्रेमचंद जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी राघवेंद्र सिंह राजपूत के द्वारा किया गया। इस मौके पर प्राचार्य मनोहर लाल पंथी द्वारा प्रेमचंद के जीवन परिचय एवं उनकी साहित्यिक रचना के बारे में वक्तव्य दिया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मीकांत नेमा ने अपने उद्बोधन में मुंशी प्रेमचंद से सम्बन्धित साहित्य एवं उनके साहित्य में प्रतिबिंबित विचारधारा के संदर्भ में व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. रामानुज रघुवंशी द्वारा संबोधित किया। उन्होने मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

## परिवहन विभाग में मची है अंधेरगर्दी, आवेदकों से हो रही लूट

# ड्राइविंग लाइसेंस के वसूल रहे 200 रुपए फीस, थमा रहे सिर्फ पीडीएफ

परिवहन विभाग में ड्रायविंग लाइसेंस, आरसी सहित अन्य के 10 माह से नहीं मिल रहे पीवीसी कार्ड, आवेदक के मोबाइल पर लिंक भेजकर दे रहे पीडीएफ, 200 रुपए फीस वसूल रहा जिला परिवहन विभाग फिर भी नहीं दे रहे पीवीसी कार्ड, टेंडर खत्म, नया टेंडर नहीं हो पाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला परिवहन विभाग द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों के रजिस्ट्रेशन सहित अन्य कार्ड नहीं बनाकर नहीं दिए जा रहे। जबकि आवेदकों का कहना है कि आवेदन के साथ 200 रुपए की फीस काटी जा रही है। आखिर उन्हें पीवीसी कार्ड क्यों नहीं मिल रहे हैं।

करीब 10 माह से परिवहन विभाग ने ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन और वाहन ट्रांसफर आदि के पीवीसी कार्ड देना बंद कर दिया है। कार्ड की जगह लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन की लिंक दी जा रही है। इससे पीडीएफ डाउनलोड होती है और लोगों को निजी सीएससी सेंटर पर जाकर कार्ड प्रिंट कराना पड़ता है। इसके लिए उन्हें जेब से दोबारा पैसे खर्च करने पड़ते हैं। बड़ी बात यह है कि विभाग ने पीवीसी कार्ड की सुविधा भले ही बंद कर दी हो।, लेकिन इसकी फीस बकायदा आवेदन के साथ ली जा रही है। जिला परिवहन विभाग में ये फीस अनिवार्य रूप से देनी है। अगर किसी ने आपत्ति जताई तो फिर उसका आवेदन मान्य नहीं होता।

बताया गया है कि प्रदेश में परिवहन विभाग की योजनाओं में पीवीसी कार्ड बनाकर देने वाली कंपनी का टेंडर सितंबर 2024 में खत्म हो गया। इसके बाद परिवहन विभाग ने अक्टूबर 2024 में बड़ा बदलाव करते हुए इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया था। लेकिन उसके बाद नया टेंडर नहीं हुआ, लिहाजा अब पिछले 10 महीनों से वाहनों का रजिस्ट्रेशन या लाइसेंस बनाक र देना बंद कर दिया है।



### हर महीने हो रही कमाई

जिले में हर महीने जिला परिवहन विभाग द्वारा औसतन 400- 500 ड्राइविंग लाइसेंस इशू होते हैं। इतने ही वाहन ट्रांसफर और आरसी और लगभग एक हजार रिन्यूवल भी होते हैं, जारी होते हैं। इसमें पीवीसी कार्ड के लिए फार्म के साथ आवेदकों से 200 रुपए फीस वसूली जा रही है। यानि 200 रुपए जिला परिवहन विभाग की कमाई हो रही है।

### 6 महीने में बदल जाती है नंबर की सीरीज

शासन स्तर पर आम जनता की सुविधा के लिए ठेका पद्धति सरकार द्वारा संचालित कराई जा रही हैं। ठेका स्मार्ट चिप कंपनी का समाप्त होने पर इसकी भरपाई नहीं की जा रही है। खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। जिला परिवहन कार्यालय में पीवीसी कार्ड के लिए 200 रुपए शुल्क तो लिया जा रहा है, लेकिन कार्ड बनाकर नहीं दिया जा रहा है। यह छोटी राशि 1 साल से अधिक समय से वसूली जा रही है।

### इनका कहना है

*मैंने 2 माह पहले ड्रायविंग लाइसेंस बनवाया था, लेकिन पीवीसी कार्ड नहीं मिला है। जबकि इसके एवज में 200 रुपए की फीस भी ली गई है।*
*- **परवेज मोहम्मद**, आवेदक*

#### खुली लूट मची है

*इन दिनों आरटीओ पर खुली लूट मची है। आमजनता से पीवीसी कार्ड के नाम पर 200 रुपए तो लिए जा रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई कार्ड नहीं दिया जा रहा। यह राशि सीधे शासन के खाते में जमा हो रही है। पिछले सालभर से यह अवैधानिक राशि वसूल की जा रही है।*
*- **हर्षवर्धन सिंह सोलंकी**, युवक कांग्रेस नेता*

आरटीओ अधिकारी खुद यह बात स्वीकार कर चुके हैं कि यह बात पूरी सही तरह सही है। आरटीओ में वाहनों के पीवीसी कार्ड के लिए 200 रुपए शुल्क फॉर्म के साथ लिया जा रहा है, लेकिन कार्ड नहीं दिया जा रहा।

### इनका कहना है

पीवीसी कार्ड दिया जाना पूरे प्रदेश में ही बंद है।, क्योंकि पूर्व की स्मार्ट चिप कंपनी का टेंडर खत्म हो गया था। नए के लिए शासन स्तर पर प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ ही पीडीएफ के दस्तावेज भी किए हुए हैं।
- **जगदीश सिंह भील,** आरटीओ रायसेन।

## जलभराव के बाद सफाई और कीटनाशकों का हो छिड़काव

### नदी-नालों के किनारे बसे 50 से अधिक ग्राम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले एक माह से नर्मदा क्षेत्र में बारिश का जोर बना रहा। नदियों, नालों में बाढ़ की स्थिति बनी और किनारे बसे 50 से अधिक ग्रामों के निचले हिस्सों में जलभराव, पुल पुलियों, रपटों पर पानी आ जाने से परेशानियों भरी स्थितियों का सामना रहवासियों को करना पड़ा। अब जल भराव की स्थिति समाप्त हो गई है। परंतु पानी के साथ आई रेत, मिट्टी और कचरा मख्खी-मच्छरों, जीव जंतुओं के पैदा होने का कारण बन रहा है। ग्रामीणों द्वारा संक्रमण रोकने मच्छरों, कीट पतंगो को मारने, नियंत्रण के लिए विशेष साफ सफाई और कीटनाशक दवाओं के छिड़काव की मांग की जा रही है।

नर्मदा के साथ बारना, तेदौनी, घोघरा, इक्यावन नदियों के साथ दर्जनों छोटे-बडे नाले है। इन नदियों नालों के किनारों पर 50 से अधिक ग्राम स्थित है। तेज बारिश से गांवो के निचले हिस्सों, मकानों में जल भराव की स्थिति बनती है। जुलाई के अंतिम दिनों में हुई भारी बारिश से सड़कों पर मिट्टी, कचरा बह कर आ गया, जो अब परेशानियों का कारण बन रहा है।

### नालियों का अभाव

गांवो में पक्की सडके तो बनी परंतु नालियां न बनने से सडके ही बारिश के दिनों में नालियां बन जाती है। पानी निकासी की व्यवस्था अधिकांश ग्रामों, ग्रापं. में न होने एवं कई दिनों तक जल भराव के कारण कीचड, गंदगी का साम्राज्य फैला नजर आ रहा है। ग्रामीण हैरान परेशान बने हुए है, मच्छरों, जीव जंतुओं की तेजी से संख्या बढ़ रही है। ग्रामीणों द्वारा कीटनाशक छिडकाव और विशेष सफाई अभियान चलाने की मांग की जा रही है।

### हेंडपंपो के आसपास गंदगी, जल भराव

जनपद बाड़ी की 106 ग्रापं. में सवा दौ सौ ग्राम है। अधिकांश नलजल योजनाओं पर किसी न किसी कारण ग्रहण लगा हुआ है। ग्रामीणों ही हेंडपंपो के सहारे जलापूर्ति हो रही है। जहाँ हेंडपंप लगे हुए है। आसपास जल भराव और गंदगी बनी रहने से हेंडपंपो में दूषित पानी रिसाव होता रहता है। हेंडपंपो के पानी की जांच उन्हें दूषित होने से बचाने के प्रति जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण ग्रामों में वायरल, मलेरिया बुखार, सर्दी जुकाम, पेट खराबी के तेजी से मरीज बढ़ रहे है।

## बाइक चालक को बोलेरो ने मारी टक्कर, गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

हाइवे 18 बेरखेड़ी चौराहे के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक मोटरसाइकिल चालक गंभीर घायल हो गया, जिसे विदिशा रेफर किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को राजदीप तिवारी विदिशा से मोटरसाइकिल एमपी 40 जेडए 8121 से दीवानगंज के लिए निकला था। रास्ते में बेरखेड़ी चौराहे के पास तेज़ रफ्तार बोलेरो पिकअप के चालक ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक को सिर, कंधों, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आ गईं। गंभीर हालत होने पर प्राथमिक उपचार के बाद विदिशा रेफर किया गया है। पुलिस ने घायल के भाई कुलदीप शर्मा की रिपोर्ट पर आरोपी बोलेरो पिकअप आरजे 32 जीडी 9371 जब्त कर चालक के विरुद्ध अपराध कायम कर जांच में लिया है।

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक गंभीर

**सलामतपुर।** नगर के पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गई। बाइक एमपी 37 जेडए 0796 के चालक अखलेश परमार पिता मानसिंह विदिशा से अपने घर हक़ीमाबाद जिला सीहोर जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए बाइक चालक ने सामने से टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में अखलेश को गंभीर चोटें आ गईं, जिसे सांची सिविल अस्पताल से भोपाल रेफर किया। पुलिस ने फरियादी नफीस खान की रिपोर्ट पर अज्ञात चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच में लिया है।



## नाबालिग पर ट्रैक्टर पलटने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ग्राम हकीमखेड़ी में ट्रैक्टर के नीचे दबने से 14 वर्षीय अल्फेज खान की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि गांव का ही एक युवक तेज गति से ट्रैक्टर लेकर आ रहा था।

इसी दौरान रोड पर खड़े अल्फेज को टक्कर मारते हुए ट्रैक्टर पलट गया। इस घटना में ट्रैक्टर के पहिए के नीचे दबने से अल्फेज की मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक को भी मामूली चोट लगी है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक पर मामला दर्ज कर लिया है।

### बाइक चालक ने मारी टक्कर, घायल

दूसरी घटना शुक्रवार दोपहर को तहसील कार्यालय के पास हुई। एक बाइक सवार ने तहसील कार्यालय के कर्मचारी सनमान सिंह को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार भी रोड पर गिर गया। सनमान सिंह और बाइक सवार दोनों घायल हुए हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

सूचना मिलने पर एसडीएम मुकेश सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली। बताया जा रहा है कि तहसील कार्यालय के जमादार सनमान ऑफिस से तहसील कार्यालय के सामने दुकान पर गए थे। वापस आते समय बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लेखपाल नानकराम व शिक्षक अमान सिंह हुए सेवानिवृत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

ग्राम अमरावद कलां के शासकीय एकीकृत हाई स्कूल के वरिष्ठ लेखपाल नानकराम राय एवं सहायक शिक्षक अमान सिंह ठाकुर सेवा निवृत्त हो गए। इनके विदाई समारोह में बीईओ दुर्गेश नामदेव, जन शिक्षक चंद्रभूषण त्रिपाठी, पूर्व प्राचार्य सुमेर सिंह ठाकुर, मनीष पराड़कर, रितेश साहू, हेमराज कुशवाहा, मोहन राय, ममता चतुर्वेदी, कंचन कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में शाला परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओं ने शॉल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया।

## दो दिन से थमी बारिश, धान की खेती व मूंग तौल में लगे किसान

# जोरदार बारिश से तीन बार खुले बारना बांध के गेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले डेढ़ माह में नर्मदा क्षेत्र में जमकर जोरदार बारिश होने से नदी नालों में बाढ़ की स्थिति बन गई। जुलाई माह में बारना बांध के गेट तीन बार एक ही सप्ताह में गेट खोले जाने की स्थिति बनी। दो दिनों से बारिश नहीं हो रही, हल्की बूंदाबादी से क्षेत्र जरूर भींग रहा है। बारिश थमते ही किसानों का संपूर्ण ध्यान मूंग की तुलाई और धान की खेती पर केनद्रित बना हुआ है। बारना बांध का जल स्तर 1 अगस्त को 347.8 मीटर है, जो कि बारना बांध की पूर्ण जल भराव क्षमता से मात्र डेढ़ मीटर कम है। जबकि अभी बारिश के डेढ़-दो माह शेष है।

नर्मदा मैया सहित बारना, तेदौनी, घोघरा, इक्यावन नदियों के साथ ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों छोटे-बडे नाले पानी से लबालव और पिछले दिनों बाढ़ की परेशानियों वाली स्थिति बनी रही। बारिश थमते ही नदियों, नालों का पानी सिमट कर अपने तटबंधों के भीतर आ जाने से क्षेत्र के किसान ग्रामीण बडी राहत महसूस कर रहे है।



### धान की खेती, मूंग की तौल -

बारिश का दौर थमते ही किसानों का खेतों में पहुंचना शुरू हो गया है। धान की रोपाई के बाद तैयार हो रही धान की फसलों की देखरेख और धान की फसलों में डोज, खाद डालने का कार्य किसानों द्वारा किया जा रहा है।

यह पहला अवसर है, जब जुलाई माह में धान की क्यारियां पानी से लबालव भरी हुई है। जिससे किसानों को बडी राहत मिली है। किसानों द्वारा दूसरा प्रमुख कार्य समर्थन मूल्य पर मूंग की तौल का बना हुआ है। 8 अगस्त तक मूंग की तौल खरीद होना है। जिसमें मात्र 7 दिनों का ही समय बचा है। 25 जुलाई से मूंग बेचने तौल के लिए स्लॉट बुक होना बंद हो गए थे। 31 जुलाई को सिर्फ एक दिन स्लॉट बुक होना चालू हुए। क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक वेयर हाउस खरीदी केन्द्रों पर चौबीसों घंटो मूंग की तुलाई के लिए किसानों की भीड़ लग रही है।



### बारना बांध सिर्फ डेढ़ मी. खाली

जुलाई माह में हुई जमकर जोरदार बारिश से तीन बार बारना बांध के गेट खोल कर पानी बाहर निकाला गया। बांध अपनी पूर्ण जल भराव क्षमता से सिर्फ डेढ़ मीटर खाली है। बांध में भरपूर पानी होने से इस वर्ष रवि फसलों की सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलने